भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1494
मंगलवार, 28 जुलाई, 2026/6 श्रावण,1948(शक) को उत्तरार्थ

भारत टैक्सी

†1494. **श्री गुरमीत सिंह मीत हायेरः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत टैक्सी कॉपरेटिव मोबिलिटी प्लेटफॉर्म के आरंभ के बाद से भारत टैक्सी कॉपरेटिव मोबिलिटी प्लेटफॉर्म के वर्तमान परिचालन विस्तार की स्थिति और चालक (सारथी) नामांकन संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) निजी एग्रीगेटर्स द्वारा एकाधिकारवादी शोषण से शहरी यात्रियों की रक्षा करने और अत्यधिक मूल्य वृद्धि को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए प्लेटफॉर्म की वास्तुकला में एकीकृत संरचनात्मक और उचित मूल्य निर्धारण सुरक्षात्मक उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सहकार टैक्सी कॉपरेटिव लिमिटेड की बुनियादी ढांचा मापनीयता और दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मकता का समर्थन करने के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के माध्यम से प्रदान किए गए वित्तीय परिव्यय, इक्विटी अनुदान या तकनीकी राजसहायताओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) भारत टैक्सी सहकारिता-आधारित एक डिजिटल ऐप आधारित मोबिलिटी प्लेटफॉर्म है, जिसका संचालन सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) द्वारा किया जाता है। एसटीसीएल बहु-राज्य सहकारी समितियां अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजीकृत एक बहु-राज्य सहकारी समिति है। भारत टैक्सी अपनी सेवाएं दिल्ली-एनसीआर, गुजरात तथा महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों में प्रदान कर रही है। 19 जुलाई, 2026 की स्थिति के अनुसार, सहकारिता-आधारित भारत टैक्सी पहल के अंतर्गत कुल 7.97 लाख

सारथियों (चालक-सदस्यों) का ऑनबोर्डिंग किया जा चुका है तथा इन सभी की दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुकी है।

(ख) भारत टैक्सी का किराया निष्पक्ष और पूर्व-निर्धारित मानकों के आधार पर तय किया जाता है, जिसे राज्य परिवहन प्राधिकरणों, सारथी प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों के परामर्श से अंतिम रूप दिया जाता है। जिसमें कोई मनमाना या अत्यधिक सर्ज प्राइसिंग शामिल नहीं होता है। हालांकि, अत्यधिक यातायात की स्थिति में समय-समय पर कंजेशन किराया लागू किया जाता है जो चालक एवं ग्राहकों को स्वीकार्य उचित किराया के साथ संरेखित है।

(ग) सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) सहित आठ संस्थाओं द्वारा प्रवर्तित किया गया है । प्रत्येक प्रवर्तक ने सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड की प्राथमिक शेयर पूंजी के लिए 10 करोड़ रुपये योगदान करने की प्रतिबद्धता जताई है । अपने पूंजीगत योगदान के अतिरिक्त, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) सहित सभी प्रवर्तक संस्थान, सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) की स्थापना और परिचालन सशक्तीकरण को सुगम बनाने के लिए अवसंरचनात्मक, संस्थागत और जनशक्ति सहायता प्रदान कर रहे हैं ।

*****